# प्रेस नोट थाना अमरोहा देहात

दिनांक 10.06.2021

## थाना अमरोहा देहात पुलिस द्वारा मकान में चोरी की घटना का सफल अनावरण कर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त मय अवैध चाकू व चोरी किये गये जेवरात व मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 08.06.2021 को वादी श्री मदन सिंह पुत्र मुंशी सिंह निवासी ग्राम मुनव्वरपुर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा द्वारा दी गई तहरीर "दिनांक 03.06.2021 की रात्रि वादी के मकान से जेवरात,पैसे व मोबाइल फोन चोरी करने के सम्बन्ध में" थाना अमरोहा देहात पर मु0अ0स0 155/2021 धारा 380 भादवि पंजीकृत किया गया था।

उक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये थाना अमरोहा देहात पुलिस द्वारा मुखिबर द्वारा दी गई सूचना पर कल दिनांक 09/10.06.2021 की रात्रि करीब 21.45 बजे उक्त चोरी की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त 1. जसवीर उर्फ कपिल पुत्र जसपाल निवासी आबी हाफिजपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद व 2. नरसिंह पुत्र बलवन्त सिंह उर्फ बल्लू निवासी ग्राम मुनव्वरपुर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा को ग्राम बागडपुर नहर चौराहा से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी का माल एक मोबाइल फोन सैमसंग M30, एक चैन पीली धातू, एक कन्ठी, 03 अंगूठी पीली धातु माल बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त जसवीर उर्फ कपिल उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू भी बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अमरोहा देहात पर मु0अ0सं0 156/2021 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 बनाम जसवीर उर्फ

कपिल उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।




**पुछताछ विवरण:-**

पुछताछ पर अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 03.05.2021 की रात्रि वादी मदन सिंह उपरोक्त निवासी ग्राम मुनव्वरपुर के मकान से जेवर, पैसे व मोबाइल फोन चोरी करने की घटना का इकबाल किया है व चोरी किये जेवर को आपस में बराबर बांट लेने और पैसों को खर्च होना बताया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1. जसवीर उर्फ कपिल पुत्र जसपाल निवासी आबी हाफिजपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।
2. नरसिंह पुत्र बलवन्त सिंह उर्फ बल्लू निवासी ग्राम मुनव्वरपुर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।

**बरामदगी:-**

1. एक मोबाइल फोन सैमसंग M30, एक चैन पीली धातू, एक कन्ठी, 03 अंगूठी पीली धातु माल (चोरी का माल)।
2. एक चाकू नाजायज।

**पंजीकृत अभियोग:-**

1. मु0अ0सं0 155/21 धारा 380 भादवि थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।
2. मु0अ0सं0 156/21 धारा 4/25 आयुद्ध अधिनियम थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।

**पुलिस टीम:-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार त्यागी थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।
2. उ0नि0 श्री सुभाष राणा थाना अमरोहा देहात, अमरोहा।
3. उ0नि0 श्री लवनीश कुमार थाना अमरोहा देहात, अमरोहा।
4. का0 604 अजीत उज्जवल थाना अमरोहा देहात, अमरोहा।
5. का0 1091 प्रमोद कुमार थाना अमरोहा देहात, अमरोहा।

**6.** का0 1088 लोकेश कुमार थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा।